प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 शुक्रवार** **दिनांक 28.03.2025**

**मुख्य समाचारः–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस मार्च को छत्तीसगढ़ आएंगे–बिलासपुर जिले के मोहभट्‌टा में तैंतीस हजार करोड़ रूपए से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे।
- केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मियों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत को मंजूरी दी।
- नारायणपुर जिले में छह महिला माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण– इसी जिले में आईईडी के चपेट में आने से एक जवान घायल।
- प्रदेश में बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदला।

**अब समाचार विस्तार से ....**

**प्रधानमंत्री–छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परसों तीस मार्च को छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान वे बिलासपुर जिले के मोहभट्‌टा में तैंतीस हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बिजली, तेल तथा गैस, रेल, सड़क, शिक्षा और आवास क्षेत्रों से संबंधित कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री पश्चिमी क्षेत्र विस्तार योजना के तहत पांच सौ साठ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली पावरग्रिड की तीन विद्युत पारेषण परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

इस मौके पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

## केन्द्रीय मंत्रिमंडल–निर्णय

केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मियों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में संवाददाताओं को मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह इस साल की पहली जनवरी से लागू होगा। इससे केंद्र सरकार के अड़तालीस लाख छियासठ हजार कर्मचारियों और छियासठ लाख पचपन हजार पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष के खरीफ सीजन में किसानों को किफायती दरों पर फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरक उपलब्ध्ध कराने की भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए डीएपी की अधिकतम खुदरा कीमत एक हजार तीन सौ पचास रुपये प्रति पचास किलोग्राम बैग पर रखी गई है।

केन्द्र सरकार ने आज देश में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण विनिर्माण योजना को भी मंजूरी दी है।

## सहकारी टैक्सी सेवा

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि सरकार सहकारी टैक्सी सेवा शुरू करेगी। सहकारिता के माध्यम से संचालित यह सेवा उबर और ओला के मॉडल पर काम करेगी। लोकसभा में श्री शाह ने कहा कि यह कदम सहकार से समृद्धि के अनुरूप उठाया गया है।

**साढे तीन साल में सहकारिता मंत्रालय ने दिन–रात एक करे हैं और कुछ ही महीनों में ओला उबर जैसी एक बहुत बड़ी कोपरेटिव सहकार टैक्सी आने वाली है जो टू व्हीलर की टैक्सी का रजिस्ट्रेशन करेगी जो रिक्शा का रजिस्ट्रेशन करेगी और फोर व्हीलर का भी करेगी और उसका मुनाफा ड्राइवर के पास जाएगा।**

**<u>मुख्यमंत्री–कार्यशाला</u>**

नवा रायपुर में आज ''आदिवासी समुदायों के लिए वन आधारित जीविकोपार्जन के अवसर'' विषय पर नीति आयोग तथा वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज और वनों के मध्य गहरा संबंध है और दोनों एक दूसरे के पूरक के रूप में संरक्षित – संवर्धित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला आदिवासियों और वनों के सहअस्तित्व को केंद्र में रखकर उनके उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी और जनजातीय समाज को तकनीक और नवाचार से जोड़ने के साथ ही आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने अरण्य भवन परिसर में वन उत्पादों पर आधारित स्टालों का अवलोकन भी किया।

कार्यशाला को वन मंत्री केदार कश्यप, नीति आयोग के सलाहकार सुरेंद्र मेहता, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव ने भी संबोधित किया।

**<u>भाजपा अल्पसंख्यक–"सौगात–ए–मोदी"</u>**

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में आज रायपुर में एकात्म परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में "सौगात–ए–मोदी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज और विधायक पुरंदर मिश्रा के साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित मोर्चा के अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर सलीम राज ने बताया कि रमजान के मद्देनजर "सौगात–ए–मोदी" कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के गरीब परिवार के लोगों को सामग्री किट का वितरण किया गया।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार **प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुने गए साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल से ली गई** विशेष भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम कल उनतीस मार्च को सुबह साढ़े दस बजे आकाशवाणी केंद्र रायपुर से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

नारायणपुर जिले में आज छह महिला माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इन माओवादियों पर कुल छह लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन माओवादी ने पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया। ये सभी माओवादी कुतुल और नेलनार एरिया कमेटी की सक्रिय सदस्य थी और इन पर विभिन्न वारदातों में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

**जवान घायल/आईईडी बरामद**

नारायणपुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के  कोहकामेटा थाना अंतर्गत कुतूल कैम्प से आईटीबीपी, डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की संयुक्त टीम एरिया डोमिनेशन के लिए बेड़माकोटी की ओर निकली थी। इसी दौरान माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी में ब्लास्ट हो गया, जिसकी चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स का एक जवान घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उधर, बीजापुर जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की टीम ने सर्चिंग के दौरान चेरपाल–पालनार मार्ग पर पैंतालीस किलोग्राम का आईईडी बरामद किया है, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।

**<u>फामेश्वरी यादव–अग्निवीर</u>**

गरियाबंद जिले की फामेश्वरी यादव का चयन भारतीय सेना में महिला अग्निवीर के रूप में हुआ है। फामेश्वरी यादव छत्तीसगढ़ की पहली महिला है,, जिनका चयन अग्निवीर के रूप में हुआ है। अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस भर्ती परीक्षा का परिणाम चौबीस मार्च को घोषित किया गया है। फामेश्वरी यादव के चयन पर सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अधिकारियों ने उनका सम्मान किया।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए फामेश्वरी यादव ने बताया कि वह बचपन से ही सेना में जाना चाहती थीं।

फामेश्वरी यादव का प्रशिक्षण बेंगलूरू स्थित सेना मिलिट्री पुलिस सेंटर में एक मई से शुरु होगा।

**<u>आंगनबाड़ी–समय</u>**

प्रदेश में बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अस्थायी बदलाव किया है। महिला और बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार एक अप्रैल से तीस जून तक आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह सात से ग्यारह बजे तक किया जाएगा। इस अवधि में केंद्रों का संचालन छह घंटे की बजाय चार घंटे ही होगा।

**<u>दुर्घटना</u>**

कोंडागांव जिले के मांझीआठ गाँव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर आज हुए एक हादसे में बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जगदलपुर से रायपुर आ रहे डीजल टैंकर और बाईक सवारों के बीच आमने–सामने की टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है।

वहीं, सूरजपुर जिले के प्रतापपुर इलाके में एक अन्य हादसे में दो मोटर साइकिलों के बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई।

**<u>नगर निगम–बजट</u>**

रायपुर नगर निगम में महापौर मीनल चौबे ने आज अपना पहला बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने एक हजार पांच सौ करोड़ रूपए से अधिक का बजट पेश किया है। बजट में दो मल्टीलेवल पार्किंग, दो कमर्शियल कॉम्पलेक्स और रायपुरा–महादेव घाट के बीच गौरव पथ जैसी घोषणाएं शामिल हैं।

वहीं, भिलाई–चरौदा नगर निगम में आज महापौर निर्मल कोसरे ने करीब बत्तीस हजार लाख का बजट पेश किया है।

**<u>एसीबी–गिरफ्तार</u>**

छत्तीसगढ़ में आज एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अलग–अलग मामलों में तीन अधिकारियों और कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने सक्ती जिले के जैजैपुर छात्रावास अधीक्षक और मंडल निरीक्षक संदीप खांडेकर को पचास हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। वहीं, सूरजपुर जिले में एक पटवारी को पन्द्रह हजार रूपए की रिश्वत लेते

हुए रंगेहाथों पकड़ा गया है। इसी जिले में वन विभाग में पदस्थ एक क्लर्क को दस हजार रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

**अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

- कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में छत्तीसगढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं और संकल्पों पर चर्चा की गई।
- केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदक एक अप्रैल से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
- बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर में एक किसान से एक लाख रुपए की लूट का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>